बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम एवं विस्तृत निदेश

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार के नियंत्रणाधीन वाष्पित्र निरीक्षक के पद पर चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 06/2026 के अन्तर्गत दस्तावेज सत्यापन का कार्यक्रम निम्न प्रकार हैः–

दिनांक एवं दिन	प्रथम पाली (समयः 10:00 बजे पूर्वाह्न से) उम्मीदवारों का Roll No./Application No.	द्वितीय पाली (समयः 2:00 बजे अपराह्न से) उम्मीदवारों का Roll No./Application No.
07.09.2026 (सोमवार)	006260000001, 006260000002, 006260000003, 006260000004, 006260000005, 006260000006, 006260000008, 006260000009, 006260000010, 006260000011, 006260000012, 006260000013, 006260000014, 006260000015, 006260000016, 006260000017, 006260000018, 006260000019, 006260000020, 006260000021, 006260000022, 006260000023, 006260000024, 006260000025, 006260000026, 006260000027, 006260000028, 006260000029, 006260000030, 006260000031, 006260000032, 006260000033, 006260000034, 006260000035, 006260000036, 006260000039, 006260000040, 006260000041, 006260000042, 006260000043, 006260000044, 006260000045, 006260000046, 006260000047, 006260000049, 006260000050, 006260000051, 006260000052, 006260000053, 006260000054, 006260000055, 006260000056, 006260000057, 006260000058, 006260000059, 006260000060, 006260000061, 006260000062, 006260000064, 006260000065, 006260000066, 006260000067, 006260000068, 006260000070, 006260000071, 006260000072, 006260000073, 006260000075, 006260000076, 006260000077, 006260000078, 006260000079, 006260000080, 006260000081, 006260000082,	006260000083, 006260000084, 006260000085, 006260000086, 006260000087, 006260000088, 006260000089, 006260000090, 006260000091, 006260000092, 006260000093, 006260000094, 006260000095, 006260000096, 006260000097, 006260000098, 006260000099, 006260000100, 006260000101, 006260000102, 006260000103, 006260000104, 006260000105, 006260000106, 006260000107, 006260000108, 006260000109, 006260000110, 006260000111, 006260000112, 006260000113, 006260000114, 006260000115, 006260000116, 006260000117, 006260000118, 006260000119, 006260000120, 006260000121, 006260000122, 006260000123, 006260000124, 006260000125, 006260000126, 006260000127, 006260000128, 006260000129, 006260000130, 006260000131, 006260000132, 006260000134, 006260000135, 006260000136, 006260000137, 006260000138, 006260000139, 006260000140, 006260000141, 006260000142, 006260000143, 006260000144, 006260000145, 006260000146, 006260000147, 006260000148, 006260000149, 006260000150, 006260000151, 006260000152, 006260000153, 006260000154, 006260000155, 006260000156, 006260000157, 006260000158, 006260000159,

2. सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त विज्ञापनों के लिए उनकी पात्रता/अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरे गये शैक्षणिक योग्यता, शिक्षण एवं अनुसंधान अनुभव, अन्य योग्यता तथा आरक्षण संबंधी दावों को सत्य मानते हुए उम्मीदवारों को औपबंधिक रूप से मात्र इस विज्ञापन की दस्तावेज सत्यापन में प्रवेश की अनुमति दी गई है। दस्तावेज सत्यापन पत्र निर्गत होने एवं दस्तावेज सत्यापन में शामिल होने मात्र से किसी भी उम्मीदवार की पात्रता/अभ्यर्थिता सम्पुष्ट नहीं होती है। उम्मीदवारों की पात्रता/अभ्यर्थिता के संबंध में अंतिम निर्णय विज्ञापन में अंकित शर्त्तों के आलोक में दस्तावेज सत्यापन के दिन समर्पित प्रमाण पत्रों एवं उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में दावा/भरे गए तथ्यों की विधिवत जाँच/सत्यापन के पश्चात् लिया जाएगा।

दस्तावेज सत्यापन के उपरांत जाँच में प्रमाण–पत्र सही नहीं पाये जाते हैं, अथवा अभ्यर्थी द्वारा दिया गया तथ्य/साक्ष्य गलत/त्रुटिपूर्ण पायी जाती है तो अभ्यर्थी का आवेदन/अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी और इस पर आयोग का निर्णय अंतिम होगा और उस पर अभ्यर्थी को कोई आपत्ति नहीं होगी।

3. उपर्युक्त सभी उम्मीदवारों के **दस्तावेज सत्यापन पत्र, दस्तावेज सत्यापन प्रारम्भ होने की तिथि के पूर्व से** आयोग के वेबसाईट https://bpsc.bihar.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे। सम्बन्धित उम्मीदवार आयोग के वेबसाईट https:// bpsconline.bihar.gov.in/ candidate/ login पर जाकर अपने Account में Login करेंगे, फिर My Account में जाकर इस विज्ञापन के View Button पर Click करके Documents Verification Letter के सामने Download विकल्प पर Click करते हुए दस्तावेज सत्यापन पत्र Download करेंगे। **दस्तावेज सत्यापन पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।**

4. ऑनलाईन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्राप्त 12 अंकों के Application Number को ही Roll No. माना गया है।

5. आयोग के **उक्त वेबसाईट पर दस्तावेज सत्यापन पत्र के साथ 1. आवेदन पत्र का सार (प्रपत्र– I) उपलब्ध रहेंगे जिन्हें भरकर उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के दिन लाना अनिवार्य है।** प्रपत्र– I में उम्मीदवारों द्वारा भरी जाने वाली जानकारियाँ/सूचनाएँ/दावे से सम्बन्धित सभी प्रमाण पत्र मूल में सत्यापन हेतु प्रस्तुत कराना अनिवार्य होगा। उक्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं करने पर उम्मीदवारों की अर्हता/अंक गणना प्रभावित होगी तथा इस सम्बन्ध में यथासमय समुचित निर्णय लेने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा।

6. **दस्तावेज सत्यापन के दिन उम्मीदवारों को मूल विज्ञापन एवं दस्तावेज सत्यापन पत्र में उल्लिखित अपने मूल आवेदन में योग्यता/अनुभव/आरक्षण इत्यादि सम्बन्धी दावे/सूचना से सम्बन्धित सक्षम प्राधिकार से निर्गत निम्नांकित प्रमाण पत्रों की मूल (Original) प्रतियाँ सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं इन सभी की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रतियाँ निम्नांकित क्रमानुसार एक सेट में भी लाना अनिवार्य होगाः–**

(i) परीक्षा के लिए भरे एवं डाउनलोड किये गये ऑनलाईन आवेदन के Hard Copy की प्रति।

(ii) जन्म तिथि के साक्ष्य (Proof of Date of Birth) हेतु मैट्रिक प्रमाण पत्र।

(iii) मैट्रिक का अंक पत्र।

(iv) इंटर/Diploma प्रमाण पत्र।

(v) इंटर/Diploma का अंक पत्र।

(vi) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से मैकेनिकल या उत्पादन या विद्युत संयत्र या धातु विज्ञान में डिग्री का सभी विषयों/सत्र का अंक–पत्र।

(vii) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से मैकेनिकल या उत्पादन या विद्युत संयत्र या धातु विज्ञान में डिग्री का प्रमाण–पत्र।

(viii) स्नातकोत्तर डिग्री अंक पत्र।

(ix) स्नातकोत्तर डिग्री प्रमाण–पत्र।

(x) विज्ञापन की कंडिका– 3 के अनुसार बायलरों के डिजाइन, संनिर्माण, उत्कीर्ण, प्रचालन, परीक्षण, मरम्मत, अनुरक्षण या निरीक्षण में या बायलर अधिनियम, 1923 और उसके अधीन विरचित नियमों और विनियमों के कार्यान्वयन में तकनीकी कार्मिक के रूप में दो वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र अनुभव प्रमाण–पत्र निजी संस्थान के मामले में दखलकार द्वारा निर्गत होना चाहिए तथा सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी क्षेत्र/केन्द्र सरकार के संस्थान के संबंध में वैसे व्यक्ति, जो सरकार से पत्राचार के लिए प्राधिकृत किये गये हो, उनके स्तर से निर्गत होना चाहिए। ।

(xi) विज्ञापन की कंडिका– 3 के अनुसार तकनीकी कार्मिक के रूप में दो वर्ष का उपरोक्त वर्णित अनुभव का दावा करने की स्थिति में सभी नियुक्ति प्रमाण पत्र तथा जिस माह में उम्मीदवार द्वारा जिस–जिस पद पर योगदान दिया गया है/था उस माह का या उसके अगले 02 (दो) माह का वेतन पर्ची।

(xii) बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमावली के CGPA एवं ग्रेड को प्रतिशत/अंकों में परिवर्तित करने का फार्मूला।

(xiii) उम्मीदवार ने जिस महाविद्यालय/संस्थान में अंतिम पढ़ाई की है, उसके प्रधान द्वारा प्रदत्त चरित्र एवं आचरण प्रमाण–पत्र।

(xiv) निदेशी (रेफरीज) के रूप में ऐसे दो व्यक्तियों के नाम जो उम्मीदवार के व्यक्तिगत जीवन से परिचित हो और जो संबंधी नहीं हो, इस आशय का प्रमाण पत्र।

(xv) अत्यंत पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र (महिला उम्मीदवारों के लिए पिता के नाम एवं पता से निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र)।

(xvi) अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए जाति एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र (महिला उम्मीदवारों के लिए पिता के नाम एवं पता से निर्गत जाति एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र)।

(xvii) बिहार सरकार के सरकारी सेवक को आयु सीमा में छूट का दावा करने की स्थिति में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।

(xviii) भूतपूर्व सैनिकों को उम्र सीमा में छूट का दावा करने की स्थिति में तत्संबंधी प्रमाण पत्र।

(xix) केन्द्र सरकार, बिहार सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार के अधीन किसी भी पद पर नियुक्त हों तो परीक्षा में भाग लेने हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate)।

(xx) पहचान पत्र (फोटोयुक्त), जैसा की आवेदन में दावा किया हो।

(xxi) हाल का खिंचा हुआ पासपोर्ट आकार का 02 (दो) फोटो।

<u>नोटः–</u> उम्मीदवारों द्वारा समर्पित प्रमाण पत्र के आलोक में अर्हता/अनर्हता की जाँच एवं एकेडमिक/अनुभव अंकों की गणना के क्रम में यदि पूरक दस्तावेज/प्रमाण पत्र की मांग की जाती है तो उम्मीदवारों द्वारा समर्पित किया जाना अनिवार्य होगा।

7. शैक्षणिक योग्यता, शिक्षण अनुभव, अन्य योग्यता से संबंधित सभी वांछित प्रमाण पत्र इस विज्ञापित पद हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में ऑनलाइन आवेदन भरने की **अंतिम तिथि 03.02.2026 तक** का होना आवश्यक है। आवेदन भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् निर्गत प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।
8. योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र वही मान्य होंगे, जिनका उल्लेख उम्मीदवार ने अपने मूल आवेदन–पत्र में किया है।
9. सभी उम्मीदवार अपने दस्तावेज सत्यापन के दिन दस्तावेज सत्यापन पत्र के अलावे अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र में अंकित अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र, यथा– आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र इत्यादि मूल में एवं इसकी एक स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।
10. सम्बन्धित उम्मीदवार उक्त दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रमानुसार आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि को दस्तावेज सत्यापन हेतु निर्धारित समय से पूर्व उपस्थित होंगे।
11. दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित उम्मीदवारों को मोबाईल फोन या किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट यथा ब्लू–टूथ, इलेक्ट्रॉनिक पेन इत्यादि आयोग परिसर में लाना वर्जित है।

26/08/26

सचिव,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना